दिनांक : 18.05.2026 समय : 07.10PM

# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## मुख्य समाचार,---

- **प्रधानमंत्री पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कल इटली की दो दिन की यात्रा पर रोम पहुंचेंगे।**
- रेडक्रॉस के सिद्धांत बच्चों में सेवा, सद्भाव, करूणा और संवेदनशीलता विकसित करते हैं कहा, राज्यपाल ने।
- प्रदेश में "जन भागीदारी – सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान आज से शुरू।

और

- प्रदेश के कई जिलों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर, मौसम विभाग ने तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना जताई।

-----------

**प्रधानमंत्री नॉर्वे**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने ओस्लो में सीमित और प्रतिनिधिमंडल-स्तर की बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत-नॉर्वे संबंधों को 'ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप' के स्तर तक ले जाने पर सहमति जताई। यह स्वच्छ ऊर्जा, ब्लू इकॉनमी और हरित बदलाव के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बातचीत के दौरान, नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा की और आर्कटिक क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।**

**प्रधानमंत्री पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कल इटली की दो दिन की यात्रा पर रोम पहुंचेंगे। यह यात्रा इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण हो रही है। श्री मोदी प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।**

गोयल–व्यापार महोत्सव

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज नई दिल्ली में भारत व्यापार महोत्सव की वेबसाइट लॉन्च करते हुए, श्री गोयल ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के प्रति भारत के उद्योगों, व्यापारिक समुदाय और लोगों में जज्बा इतना मजबूत है कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को रोक नहीं सकती।

श्री गोयल कहा कि भारत व्यापार महोत्सव का उद्देश्य स्वदेशी व्यापार को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना है कि भारतीय सामान और सेवाएँ पूरे देश और दुनिया भर में और भी तेजी से फैलें।

रेडक्रॉस

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि रेडक्रॉस के सिद्धांत बच्चों में सेवा, सद्भाव, करूणा और संवेदनशीलता विकसित करते हैं। आज भोपाल में आयोजित जूनियर रेडक्रॉस एवं युवक रेडक्रॉस शाखा की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के लिए सक्षम पीढ़ी के निर्माण के लिए शैक्षणिक संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों में रेडक्रॉस की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान, बच्चों में ज्ञान और संस्कार को प्रदान करने वाली सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। संस्थानों को विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना चाहिए। उन्हें समसामयिक चुनौतियों और जीवन की प्रतिस्पर्धाओं के लिए जुझारू बनाएं। वहीं सफलताओं के दबाव और तनाव प्रबंधन से निपटने का हुनर सिखाएं।

एमओयू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मरीज की चिकित्सा सिर्फ एक व्यवसाय नहीं, यह मानव सेवा का एक माध्यम है। आज मुख्यमंत्री निवास में आयोजित एक एमओयू बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें ऐसे चिकित्सक तैयार करने है, जो मानव सेवा और मरीज की सेवा के लिये तत्पर हो। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश को सेवा–प्रधान स्वास्थ्य नेतृत्व का मॉडल राज्य बनाना है।

शिवराज सिंह

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वैश्विक परिस्थियां देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से मितव्ययी जीवनशैली अपनाने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने और आत्मनिर्भरता के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया है। आज नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने कहा कि देश की जनता उनके आह्वान का गंभीरता से पालन कर रही है...

प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रदेश में हाल ही में नियुक्त निगम, मंडल, बोर्ड, प्राधिकरण और आयोगों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों के लिए आज विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान, भोपाल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया । कार्यक्रम में निगम–मंडलों के संचालन, वित्तीय प्रबंधन, शासन प्रक्रिया, नीतियों, अधिकारों, दायित्वों और जिम्मेदारियों से जुड़ी जानकारी विस्तार से दी गई।

अभियान

जनजातीय वर्ग के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार तथा योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज से 25 मई तक राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान "जन भागीदारी – सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान संचालित किया जा रहा है। जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने विभाग के सभी मैदानी अधिकारियों को सफलतापूर्वक शिविर लगाने एवं लक्षित समूह को लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए हैं। जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना आयुक्त डॉ. सतेन्द्र सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान जनजातीय समुदाय के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## आजीविका मिशन

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन फोरम की शासी निकाय की बैठक ली और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विगत बैठक के निर्णयों**

के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री पटेल ने आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों के एचआर मैनुअल पर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का असर लगातार बना हुआ है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। **गुना में अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे आमजन को तेज गर्मी और लू का सामना करना पड़ा।** मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ोतरी की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने ग्वालियर, सागर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, और इंदौर संभाग के कई जिलों में लू चलने का अलर्ट जारी किया है । आयुष मंत्रालय ने अत्यधिक गर्मी और लू के संबंध में एक जन स्वास्थ्य परामर्श जारी किया है। इसमें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, भीषण गर्मी के समय धूप में निकलने से बचने पर बल दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल के बैतूल जिले में 20 मई को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का संभागायुक्त ने आज निरीक्षण किया।
- झाबुआ में कल विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।
- आगरमालवा जिले की सुसनेर नगर परिषद् अध्यक्ष ने नगर के वार्ड क्रमांक 7 में 20 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड़ का आज भूमिपूजन किया।
- नर्मदापुरम जिले में आयुष विभाग द्वारा "घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग" अभियान के तहत जिलेभर में नियमित योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।
- सीहोर जिले की बुधनी तहसील में भारत सरकार जनगणना निदेशालय के अधिकारियों ने यहां चल रही जनगणना तैयारियों का निरीक्षण किया।
- शिवपुरी जिले में विद्युत समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियान आयोजित किए जा रहे हैं।

————————